सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 217 | इंदौर, शुक्रवार 21 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

23 फरवरी को मंत्रियों-विधायकों से करेंगे सीधी चर्चा

## पीएम मोदी का भोपाल में पहली बार रात्रि विश्राम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल में पहली बार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) का 24 फरवरी से आयोजन होने जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम इसके एक दिन पहले भोपाल आएंगे और पहली बार रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों, सांसदों और मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यह बैठक कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में शाम को आयोजित होगी और करीब दो घंटे चलेगी। खास बात यह है कि यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री मोदी राज्य के मंत्रियों और विधायकों के साथ इस तरह की सीधी चर्चा करेंगे। साथ ही उनके साथ डिनर करेंगे। पीएम के साथ इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और विधायकों व मंत्रियों के प्रभावी कार्य करने पर चर्चा होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी इस बैठक में योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मार्गदर्शन देंगे। इससे पहले ओडिशा में भी प्रधानमंत्री जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद शाम को भोपाल पहुंचेंगे। यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री मोदी भोपाल में रात बिताएंगे। वे राज्यपाल निवास में रात्रि विश्राम करेंगे। उनके इस प्रवास को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) का राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में शुभारंभ करेंगे।

## जजों के खिलाफ लोकपाल जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने गुरुवार को मामले पर खुद सुनवाई की और कहा कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया कि 18 मार्च को अगली सुनवाई होगी। तब तक जजों के नाम और शिकायत का खुलासा नहीं करना है।

# कांग्रेस पतन की ओर, छोड़ने वालों का बीजेपी में स्वागत... सीएम मोहन

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर बताई योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में साल 2023 में भाजपा की जबरदस्त जीत हुई। इसने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया। बीजेपी की जीत के बाद डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री चुना गया। यह भाजपा नेतृत्व का एक चौंकाने वाला फैसला था। जिसने सियासी गलियारों में तहलका मचा दिया था। बचपन से ही आरएसएस स्वयंसेवक रहे 59 वर्षीय डॉक्टर मोहन यादव भाजपा के साथ लगातार काम करते रहे हैं।**

उन्होंने 2013 से लगातार तीन बार उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट से जीत हासिल की। वर्तमान में सीएम मोहन यादव 24-25 फरवरी को भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े आयोजन पर फोकस कर रहे हैं। इस समिट का उद्देश्य एमपी में इन्वेस्टमेंट और इंडस्ट्री को आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश कृषि पर निर्भर राज्य है। इसे देश के सबसे पिछड़े राज्यों में से एक माना जाता था। सीएम मोहन यादव इसे विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाले हैं।

### रोजगार, उद्योग और इन्वेस्टमेंट पर फोकस

मोहन यादव ने मुख्यमंत्री बनने के बाद से राज्य के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। उनका ध्यान निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को बढ़ावा देने और शिक्षा में सुधार पर है। वे सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में भी जुटे हैं। यादव का मानना है कि मध्य प्रदेश में विकास की अपार



संभावनाएं हैं। वे राज्य को कृषि प्रधान राज्य से औद्योगिक राज्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

### दो दशकों से इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन

सीएम मोहन ने राज्य में दो दशकों से अधिक समय से इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किए जा रहे हैं। एमपी का औद्योगिक मानचित्र पर स्थान और देश की जीडीपी में योगदान पहले से बेहतर होता जा रहा है। पिछले 15-20 वर्षों में हमने सुधार किया है। यह सच है कि हम अभी भी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में जाने जाते हैं, लेकिन औद्योगिक विकास के बिना राज्य का विकास नहीं हो सकता। मुझे खुशी है कि जब से हमने इन पहलुओं पर काम करना शुरू किया है, तब से हम अच्छे परिणाम देख रहे हैं।

### सीएम मोहन का कांग्रेस पर निशाना

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पतन की ओर है इसलिए कोई पार्टी छोड़ता है तो भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को बरकरार रखते हुए उसका स्वागत करते हैं।

# मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि यदि शिवाजी महाराज नहीं होते तो उनका नाम कैलाश की जगह कलीमुद्दीन होता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शिवाजी महाराज की जयंती पर मंच से आमजन को संबोधित करते कहा कि, शिवाजी महाराज के कारण ही मालवा और उसके आसपास के क्षेत्रों में मुगलों का प्रवेश नहीं हो सका था। अगर शिवाजी महाराज नहीं होते, तो हिंदू धर्म जीवित नहीं होता और आज उनका नाम कैलाश की जगह कलीमुद्दीन होता।**



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शिवाजी महाराज के अद्वितीय योगदान को याद करते हुए कहा कि, उनका साहस और संघर्ष ही था, जिसके कारण भारत के कई हिस्सों में मुगलों की दखलंदाजी रुक पाई। उन्होंने कहा कि, हिंदू धर्म की रक्षा के लिए फौज खड़ी की थी। मुट्ठीभर लोगों की फौज ने लाखों मुगलों की सेना को धराशाई कर दिया था। विजयवर्गीय ने शिवाजी महाराज की वीरता और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया और उनके आदर्शों को जीवित रखने की अपील की। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि, मैं ऐसे एक नहीं, 10 किस्से बता सकता हूं। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा करते हुए मुगलों को खदेड़ दिया था। मुगल हर जगह पहुंच गए, लेकिन यहां पर नहीं आ पाए, क्योंकि बाजीराव पेशवा की फौज ने यह मोर्चा संभाला था। शिवाजी महाराज नहीं रहे, तब ही इस क्षेत्र में अंग्रेज घुस पाए थे। अन्यथा यहां पर अंग्रेज घुस नहीं पाए थे। इससे पहले भी इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में भी कैलाश विजयवर्गीय ने शिवराज सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा था कि, इसके पूर्व में भी जो समिट हुई हैं। वे सिर्फ इवेंट ही बनकर रह गई हैं। वहीं, सीएम मोहन यादव ने भी मौलाना गांव के नाम पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि, इस नाम का कोई स्पष्ट संदर्भ समझ में नहीं आता और यह लिखते समय पेन अटकता था। इसलिए उसका नाम बदलकर विक्रम नगर कर दिया है।

# इंदौर शहर में इधर-उधर बेवजह खड़ी होने वाली यात्री बसों के विरूद्ध कार्रवाई के लिये चलेगी संयुक्त मुहिम

## चालानी कार्रवाई के साथ बसों की जब्ती भी होगी, सड़क सुरक्षा समिति की अनुमति के बगैर अब नहीं बनेंगे डिवायडर और स्पीड ब्रेकर

◆ कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर शहर में यातायात सुधार के लिये लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम को गति देकर और अधिक प्रभावी बनाने के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर में यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में निर्णय लिया गया है कि शहर में बेवजह इधर-उधर खड़ी होने वाली यात्री बसों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। चालानी कार्रवाई के साथ बसों की जप्ती भी होगी। इसके लिये जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, नगर निगम और परिवहन विभाग के अमले द्वारा संयुक्त मुहिम चलाई जायेगी। साथ ही निर्णय लिया गया कि अब शहर में कही भी बगैर अनुमति के डिवायडर और स्पीड ब्रेकर नहीं बनेंगे। इसके लिये सड़क सुरक्षा समिति से अनुमति लेना होगी।

कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, डीसीपी ट्राफिक श्री अरविंद तिवारी, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और समिति के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक में शहर में यातायात को सुगम बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में यात्री बसें इधर-उधर खड़ी रहती हैं तथा निर्धारित स्टाप के अलावा कहीं से भी सवारी बैठा रही हैं। इस पर सख्ती से कार्रवाई की आवश्यकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन बसों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। ऐसी बसें जो सरवटे तथा गंगवाल बस स्टेंड से चलती है, उनकी पार्किंग के लिये समुचित स्थान का चयन किया जाये और वहां उक्त बसें पार्क करने की व्यवस्था की जाये। बैठक में देवास नाका पर बन रहे फ्लायओवर के मद्देनजर ट्रॉफिक प्लान पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिया गया। इस दौरान सुझाव दिया गया कि यहां यातायात को सुगम बनाने के लिये फ्लायओवर की डिजाइन में परिवर्तन कर लम्बाई बड़ाई जाये। नेशनल हाइवे 52, एमआर-10 जक्शन पर बन रहे फ्लायओवर के मद्देनजर ट्रॉफिक डायवर्सन प्लान को भी मंजूरी दी गई। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे की यातायात भी सुगम बना रहे और फ्लायओवर का निर्माण भी तेज गति से निर्विघ्न रूप से चलता रहे। इंड्स्ट्रीज हाउस, गीता भवन चौराहा और जीपीओ चौराहे के लेफ्ट टर्न को भी व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिये गये। बैठक में राजीव गांधी चौराहा और चोइथराम चौराहे पर सुव्यवस्थित यातायात में बाधक अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश भी दिये गये। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे शहर में चल रहे सीवर लाइन के कार्यों को तेज गति से पूरा करें, जिससे की यातायात में कोई बाधा नहीं हो। बैठक में बताया गया कि बायपास पर लगी स्ट्रीट लाइट को शीघ्र चालु किया जायेगा। इसके लिये नगर निगम को कनेक्शन देने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि चंद्रगुप्त चौराहे पर कुछ चेम्बर टूटे हुए है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने इन चेम्बरों की शीघ्र मरमत करने के निर्देश दिये। साथ ही बताया गया कि इस चौराहे पर मेट्रो का कार्य पूर्ण हो गया है परंतु बेरिकेट्स नहीं हटाये जा रहे इससे भी यातायात बाधित हो रहा है। कलेक्टर श्री सिंह तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह बेरिकेट्स शीघ्र हटाये जाये। बैठक में इंड्स्ट्रीज हॉउस चौराहे से जंजीर वाला चौराहे के बीच धोबीघाट के समीप बने ब्रिज की चौड़ाई बढ़ाने के संबंध में चर्चा गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शहर में यातायात सुधार के लिये चल मुहिम लगातार जारी रहेगी। इसे गति देकर और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से अतिक्रमण और सुगम यातायात की बाधाएं अभियान के तहत हटाई जा रही है उन पर लगातार निगरानी रखी जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि जहां से अतिक्रमण हट जाये वहां दोबारा अतिक्रमण नहीं हो पाये।

# अब सिटी बस स्टाप पर मिलेगा वाई-फाई व मोबाइल-लैपटाप चार्जर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



इंदौर। इंदौर शहर में सिटी बस के सभी बस स्टाप का स्वरूप भी जल्द बदलेगा। फिलहाल बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे के पास अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) द्वारा मुरैना की कंपनी को शहर में 200 बस स्टाप बनाने का जिम्मा दिया गया है।

कंपनी ने फिलहाल बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे पर डेमो के रूप में एक बस स्टाप तैयार किया है। इस बस स्टाप पर यात्रियों को वाई-फाई सुविधा के अलावा मोबाइल-लैपटाप चार्जर भी मिलेगा। अभी जो बस स्टाप बनाया है उसकी छत को पारदर्शी रखा गया है। ऐसे में बस स्टाप पर बैठने वाले यात्रियों को धूप से परेशान नहीं होना होगा। एआईसीटीएसएल के प्रोजेक्ट प्रभारी अभिनव चौहान के मुताबिक, अभी डेमो के रूप में बस स्टाप तैयार किया है। यात्रियों की जरूरत के मुताबिक, बस स्टाप की डिजाइन में बदलाव भी किए जाएंगे। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत कंपनी बस स्टाप का निर्माण कर रही। बस स्टाप पर स्क्रीन लगा उस पर विज्ञापन से कंपनी कमाई करेगी। एक बस स्टाप के निर्माण पर लगभग 16 लाख रुपये खर्च का आंकलन किया गया है। प्रति बस स्टाप प्रतिमाह कंपनी 11,500 रुपये एआईसीटीएसएल को देगी।इस तरह 200 बस स्टाप से एआईसीटीएसएल को 23 लाख रुपये प्रतिमाह और दो करोड़ 76 लाख रुपये सालाना कमाई होगी। कंपनी को 15 साल के लिए बस स्टाप के संचालन का दिया जिम्मा दिया गया है।

# गंगवाल बस स्टैंड पर मिली सफाई में कमी

## नगर निगम आयुक्त ने लगाई 5,000 की पेनल्टी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा गुरुवार को अचानक गंगवाल बस स्टैंड पहुंचे। उन्होंने परिसर का निरीक्षण करते हुए, सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें कई खामियां नजर आईं, जिस पर वे नाराज हो गए। आयुक्त ने कमियों को लेकर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

आयुक्त ने गंगवाल बस स्टैंड परिसर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की, जिसमें कई खामियां सामने आईं। उन्होंने पाया कि, वहां नियमित रूप से पर्याप्त सफाई नहीं हो रही थी। जांच में पता चला कि संबंधित सुपरवाइजर रोजाना दोपहर 12 बजे देवास से इंदौर आता है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने उसका 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बस स्टैंड के रैन बसेरा और वाटर सुलभ कॉम्प्लेक्स का भी निरीक्षण किया। जांच के दौरान टिकट काउंटर के पास वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पाई गई, जिस पर संबंधित व्यक्ति पर 5,000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। इसके अलावा, रैन बसेरा में वाटर कूलर खराब मिलने और सफाई व्यवस्था में कमी पाए जाने पर संलग्न एजेंसी पर 5,000 रुपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश जारी किए गए। आयुक्त ने रैन बसेरा में आवश्यक सफाई व्यवस्था और रखरखाव में सुधार के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि, शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि, गंगवाल बस स्टैंड पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होती है और यहां से लगभग 180 बसें संचालित होती हैं। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि, बस स्टैंड के बाहरी हिस्से की पेंटिंग का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री डी.आर. लोधी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सभी आंगनवाड़ी केन्द्र माह में 25 दिन खुली रखने के निर्देश दिये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने महिला एवं बाल विकास विकास विभाग द्वारा इंदौर संभाग में महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सूफिया फारूकी वली भी विशेष रूप से मौजूद थीं। इंदौर संभाग से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, संभाग के इंदौर जिले सहित सभी जिलों धार, बड़वानी, आलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन, खण्डवा और बुरहानपुर के कलेक्टर, महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय संयुक्त संचालक अधिकारी श्रीमती संध्या व्यास, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख सचिव ने मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम, अनुमानित हितग्राही संख्या के विरुद्ध हितग्राहियों की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों की स्थिति सहित 10 बिन्दुओं पर अधिकारियों से चर्चा कर समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे संभाग के सभी जिलों में चल रही आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की ठीक से देखभाल हो रही है या नहीं इसकी जाँच करें। वहां पर पर्याप्त सुविधाएं है कि नहीं इसकी जांच करें। छोटे बच्चों को नाश्ता एवं गर्म पका भोजन मिल रहा है या नहीं इसकी मॉनिटरिंग करें। सभी आंगनवाड़ी केन्द्र माह में 25 दिन खुली रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखे। कम पोषण आहार की वजह से बच्चों की शारीरिक विकास ही नहीं अपितु उनका शैक्षिक स्तर भी गिरता है। जन्म से 5 वर्ष के बच्चों में ठिंगापन, कम वजन एवं दुबलापन की स्थिति ठीक नहीं है, ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जाए और उनका शत प्रतिशत सत्यापन किया जाए। अधिकारियों को चाहिए कि वे जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन और उनकी लम्बाई का सही तकनीक से माप करें। ऐसे चिन्हित बच्चों को सपोर्टिव सुपरविजन एप्लीकेशन के माध्यम से आवश्यक सुधार का कार्य पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जिन बच्चों का पोषण स्तर सामान्य से कम है, ऐसे बच्चों का पर्यवेक्षक द्वारा सत्यापन कर एप्लीकेशन मोड्यूल में जानकारी अपडेट करें। स्व सहायता समूह को समय पर भुगतान किया जाए। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन, क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय में निपटान किया जाए।

# मां ने प्रेमी संग मिलकर कराया था बेटे का खतना

## धर्मांतरण के 3 दोषियों को 10-10 साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर कोर्ट ने 8 साल के मासूम के जबरन धर्म परिवर्तन और खतना करने के केस में बुधवार को फैसला सुना दिया। कोर्ट ने पीड़ित बच्चे की मां सहित तीन आरोपियों को धारा 467 एवं 471 में 10-10 साल का सश्रम कारावास और 5-5 हजार रुपए का जुर्माना, धारा 5 धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश 2020 में 7-7 साल का सश्रम कारावास और 50 हजार रुपए का जुर्माना जबकि धारा 420 और 468 में 5-5 साल का सश्रम कारावास और 5-5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।**

मामला जुलाई 2023 का है। राजस्थान में बाड़मेर निवासी व्यापारी महेश नाहटा ने इंदौर के खजराना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच के बाद पुलिस ने नाहटा की पत्नी प्रार्थना शिवहरे (27), उसके बॉय फ्रेंड इलियास अहमद (33 वर्ष) निवासी इंदौर और मोहम्मद जफर अली (37 वर्ष) निवासी शाजापुर को गिरफ्तार किया था। अनाज व्यापारी महेश नाहटा ने एफआईआर में कहा था- जून 2014 में शाजापुर निवासी प्रार्थना से शादी हुई थी। 2015 में बेटा हुआ। सब कुछ ठीक चल रहा था। 25 फरवरी 2018 को वह पत्नी और बेटे के साथ शाजापुर आया था। यहां एक सगाई अटेंड कर अपने गांव सिवाना लौटते वक्त पत्नी और बेटा रतलाम के आगे सालाखेड़ी में बस से लापता हो गए। दोनों की गुमशुदगी रतलाम थाने में ही दर्ज करा दी थी। जांच के दौरान पता चला कि पत्नी इंदौर के रहने वाले इलियास कुरैशी के साथ गई है। पुलिस ने इलियास को रतलाम से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। इस दौरान प्रार्थना उसके घर पर ही रही। कुछ समय बाद इलियास जमानत पर छूट गया था। मैंने बेटे को अपने साथ ही रखने की बात कही, लेकिन पत्नी नहीं मानी और चली गई। मैं उन्हें ढूंढता रहा। काफी समय तक कुछ पता नहीं चला। शाजापुर कोर्ट में बेटे की अभिरक्षा को लेकर आवेदन दिया। पुलिस को उनका पता नहीं मिला, इस कारण वारंट तामील नहीं हो पाया। इसी दौरान मालूम हुआ कि पत्नी इंदौर में खजराना की रजा कॉलोनी में इलियास के साथ रह रही है। यहां उसने मेरे बेटे का खतना करा दिया है। इलियास ने खुद को बच्चे का पिता बताकर नाम और जन्म प्रमाण पत्र भी बदलवा दिए। ये सभी फर्जी प्रमाणपत्र जफर ने बनाए। जबरन बेटे का मजहबी स्कूल में एडमिशन करा दिया। महेश ने पुलिस को बताया था कि इलियास के साथ और भी कई लोग हैं, जो हिंदू लड़कियों और महिलाओं के साथ उनके बच्चों का भी जबरन धर्मांतरण कराते हैं। इलियास का चचेरा भाई सरफराज और एक अन्य रिश्तेदार सईद हाफिज अहमद पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएफआई) के सक्रिय सदस्य हैं। वे दोनों जेल भी जा चुके हैं। एक दिन इलियास ने मुझे मोबाइल पर कॉल किया। धमकी देते हुए कहा कि पत्नी और बेटे को सही सलामत चाहते हो तो पांच लाख रुपए दे दो और दोनों को ले जाओ। मैंने डेढ़ लाख रुपए देने की बात कही तो इलियास तैयार भी हो गया। उसके बाद उसने मुझे कोई कॉल नहीं किया। इसके बाद मैंने बाड़मेर के सिवान थाने में इलियास के खिलाफ रिपोर्ट लिखवा दी। कुछ दिन बाद मैंने शाजापुर कोर्ट में प्रार्थना के खिलाफ तलाक की अर्जी भी दे दी। सुनवाई के दौरान ही कोर्ट ने बच्चे को उसके पिता को सौंपने के आदेश दे दिए थे।

## नाबालिग से हुआ रेप, शादी के बाद पति के साथ पहुंची थाने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खुड़ैल इलाके में एक महिला ने शादी के बाद पति को अपने साथ हुई दरिंदगी की जानकारी दी, जिसके बाद आरोपी से पूछताछ करने पर उसे धमकी मिलने लगी। आखिरकार दंपती ने हिम्मत जुटाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना 15 फरवरी 2020 की है, जब पीड़िता नाबालिग थी। वह अपने परिवार के साथ दूधिया इलाके में मजदूरी करने गई थी और वहां किराये पर रह रही थी। एक दिन बहन से विवाद होने के बाद वह गुस्से में देवगुराड़िया मंदिर चली गई। मंदिर के पीछे जंगल में गई तो पड़ोसी डेपानाथ वहां पहुंचा और उसे जबरन पहाड़ी के पीछे ले जाकर दुष्कर्म किया। डर के कारण पीड़िता ने यह बात किसी को नहीं बताई। बालिग होने के बाद पीड़िता की शादी हो गई। कुछ समय बाद उसने पति को इस घटना के बारे में बताया। पति ने हिम्मत कर आरोपी से बात की, लेकिन उसने धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ने खुड़ैल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### मोबाइल लूटा



इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में भी लूट की एक और घटना सामने आई है। बुधवार शाम को शरद दुबे, निवासी गीतानगर, पुलिस थाने पहुंचा और बताया कि वह ऑनलाइन डिलीवरी का काम करता है। 6 फरवरी की शाम को वह अपने छोटे भाई रविशंकर दुबे के साथ रंजीत हनुमान मंदिर के पास की गली से गुजर रहा था। इसी दौरान स्कीम नंबर 71 की ओर से आए बाइक सवार बदमाशों ने रविशंकर के हाथ से मोबाइल झपट लिया और तेजी से फरार हो गए।

## पूर्व प्रिंसिपल से 1.70 करोड़ की ठगी

### ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ा, फर्जी ऐप पर दिखाया मुनाफा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक निजी कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर फर्जी ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़कर 1.70 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। जब बैंक मैनेजर को लगातार हो रहे ट्रांजेक्शनों पर शक हुआ तो उन्होंने पूछताछ की, लेकिन बुजुर्ग ने जानकारी देने से इनकार कर दिया। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा और साइबर क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी।**

84 वर्षीय पूर्व प्रिंसिपल को आर्यन आनंद नाम के व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को ट्रेडिंग एडवाइजर बताया। उसने उन्हें stock.mscl-vip.top लिंक भेजकर एक एप इंस्टॉल करवाया और निवेश के लिए प्रेरित किया। बुजुर्ग ने 9 बार में करीब 1.70 करोड़ रुपये जमा कर दिए। ठग लगातार उन्हें डबल मुनाफे का लालच देते रहे और एप पर उनके अकाउंट में रकम भी दिखाई, लेकिन निकासी की अनुमति नहीं दी। जब उन्होंने पैसा निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने बहाने बनाए और फिर नंबर बंद कर दिए। पलासिया स्थित बैंक के मैनेजर ने जब बुजुर्ग से पूछताछ की तो उन्होंने पहले निवेश का हवाला देकर जानकारी देने से मना कर दिया। इसके बाद मैनेजर ने पुलिस को सूचित किया। जब क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की, तब पता चला कि यह साइबर ठगी का मामला है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया खुद पूर्व प्रिंसिपल के घर पहुंचे और उनसे पूछताछ की। बुजुर्ग को आखिरी समय तक यह समझ नहीं आया कि वह ठगी का शिकार हो चुके हैं। वे एप पर दिखाई जा रही फर्जी रकम को ही असली मानते रहे। फिलहाल, पुलिस ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच जारी है।

## शादीशुदा महिला के साथ पड़ोसी ने अश्लील हरकत की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लसूड़िया में रहने वाली शादीशुदा महिला के साथ पड़ोसी ने अश्लील हरकत की। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। 33 साल की महिला की शिकायत के अनुसार आरोपी का नाम दिनेश पुत्र सूरज राजपूत, निवासी पंचवटी कॉलोनी है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने बच्चे के साथ घर पर थी। पति काम पर गए थे। तभी दिनेश दरवाजे पर आया। वह दरवाजा बंद करने पहुंची तो दिनेश अंदर की तरफ धक्का देकर घर में घुसने की कोशिश करने लगा। चिल्लाने पर आरोपी वहां से बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। बाद में पति को जानकारी दी। वहीं भंवरकुआ पुलिस ने भी एक महिला की शिकायत पर अंकित नाम के युवक पर केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि अंकित पहले उसका दोस्त था। लेकिन शादी होने के बाद उससे बात बंद कर दी थी। वह बुरी नीयत से पीछा कर परेशान करने लगा। बात करने को लेकर दबाव बनाता। बुधवार को घर पर अकेली थी, तब आकर मिलने के लिए धमकाने लगा। बाद में पति के आने पर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है।

## अरविंदो अस्पताल की महिलाकर्मी से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने अरविंदो अस्पताल की महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के मामले में मनचले पर केस दर्ज किया है। काम पर जाने के दौरान आरोपी रोज पीड़िता को बाइक से छोड़ने को लेकर सड़क पर परेशान करता था। पीड़िता ने पहले आरोपी पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन मंगलवार रात आरोपी ने रास्ता रोककर हाथ पकड़ लिया। इस बात की जानकारी पीड़िता ने परिवार को दी। इसके बाद आरोपी की दूसरे दिन पहचान कर उस पर केस दर्ज कराया गया। बाणगंगा पुलिस ने बताया कि अरविंदो अस्पताल की एक महिला कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने कमल मीणा पर छेड़छाड़ और अभद्रता का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि ड्यूटी पर जाने के लिए वह रोज मौनी बाबा आश्रम के पास से निकलती है। यहीं पास ही शराब दुकान के यहां कमल करीब एक हफ्ते से आते-जाते उसका पीछा कर रहा था। गाडी पर चलते हुए कमेंट्स कर रहा था। शुरुआत में उसकी हरकतों को पीड़िता ने नजर अंदाज कर दिया। मंगलवार रात जब पीड़िता ड्यूटी से घर जा रही थी। तब आरोपी ने उसे रोका और हाथ पकड़कर गंदे कमेंट्स करते हुए साथ चलने के लिए कहने लगा। पीड़िता हाथ छुड़ाकर वहां से भागी और मौसी की बेटी को घटना के बारे में बताया। अगले दिन काम पर जाने के दौरान कमल रास्ते में दिखा। पीड़िता ने अपनी बहन को कॉल कर उसके खड़े होने की जानकारी दी। पुलिस को मौके पर बुलाकर आरोपी कमल को पकड़वाया।

## प्रवचन सुनकर घर जा रही महिला की चैन लूटकर भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। अन्नपूर्णा क्षेत्र में जैन मंदिर से प्रवचन सुनकर घर लौट रही महिला के साथ लूट की वारदात हो गई। बाइक सवार बदमाश उनके गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, नेमीनगर जैन कॉलोनी निवासी सुलेखा जैन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि वह नेमीनाथ जैन मंदिर में प्रवचन सुनने गई थीं। प्रवचन समाप्त होने के बाद जब वह घर लौट रही थीं, तो रास्ते में सब्जी लेने के लिए रुकीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। आगे बाइक रोककर एक बदमाश पीछे की सीट से उतरा और उनके गले से चेन झपट ली। महिला के चिल्लाने से पहले ही बदमाश बाइक सहित फरार हो गए। बाद में उन्होंने घर पहुंचकर परिवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, एक बदमाश ने नारंगी रंग की हुडी पहनी थी, जबकि चेन झपटने वाले ने सफेद टी-शर्ट पहनी हुई थी। पुलिस को घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं और आरोपियों की तलाश में टीमें जुटी हैं।

## जेल में कैदियों को कराया अमृत स्नान

### प्रयागराज के संगम से इंदौर बुलवाया गंगाजल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर की केंद्रीय जेल में कैदियों को अमृत स्नान कराया गया। इसके लिए यूपी के प्रयागराज संगम से गंगाजल बुलवाया गया। इसके एक कुंड में डाला गया। 2400 से अधिक बंदियों ने इसमें स्नान किया। कुछ ने उपवास रखकर संकल्प भी लिया। केंद्रीय जेल की अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि परिचितों की मदद से शाही स्नान के दिन का गंगाजल इंदौर बुलवाया था। जेल परिसर में अलग-अलग कुंड बनाकर उसमें गंगाजल डाला गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रदेश में इंदौर केंद्रीय जेल पहली ऐसी जेल बनी, जहां इस तरह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। कुछ बंदियों ने संकल्प लिया कि वे आगे समाज सेवा में अपना जीवन लगाएंगे और सकारात्मक कार्यों से जुड़ेंगे।

# भोपाल में जगह कम पड़ने पर इंदौर में पार्क कराएंगे वीवीआईपी के प्राइवेट जेट-चार्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** 24 और 25 जनवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर इंदौर में भी तैयारियां की जा रही है। इस समिट में देश-दुनिया से कई वीआईपी शामिल होंगे। कई वीवीआईपी अपने विशेष विमानों से इस समिट में शामिल होने के लिए आने वाले हैं। इसे देखते हुए भोपाल के साथ ही इंदौर एयरपोर्ट पर भी तैयारियां की जा रही है। बताया जा रहा है कि जब भोपाल एयरपोर्ट पर जगह की कमी आएगी तब विमानों को इंदौर एयरपोर्ट पर पार्क करने के लिए भेजा जाएगा। इंदौर एयरपोर्ट से मिली



जानकारी के मुताबिक भोपाल एयरपोर्ट 24 घंटे खुला रहने वाला एयरपोर्ट है। भोपाल में विमानों की पर्याप्त पार्किंग उपलब्ध है। इसके बाद भी सरकार ने मेहमानों को बेहतर सेवा देने के लिए इंदौर एयरपोर्ट को किसी भी स्थिति के लिए स्टैंडबाइ पर रखा है। यानी अगर कभी भी जरूरत पड़ती है, तो भोपाल आने वाले मेहमानों के विमानों को इंदौर में उतारा और पार्क किया जा सकेगा। इंदौर एयरपोर्ट पर 26 विमानों की पार्किंग उपलब्ध है। भोपाल में अगर नियमित उड़ानों के अतिरिक्त ज्यादा विमान आने पर पार्किंग की कमी पड़ती है, तो मेहमानों को वहां उतारने के बाद विमानों को इंदौर में पार्क करने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए प्रशासन ने एयरपोर्ट अधिकारियों के साथ बैठक भी की है। 25 फरवरी को समिट खत्म होने के बाद कई वीवीआईपी उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आ सकते हैं। ऐसे में इनका चार्टर विमानों से भोपाल से इंदौर आना तय माना जा रहा है। इसे देखते हुए मेहमानों के विमानों को पार्क करने से लेकर उनके स्वागत के इंतजाम भी एयरपोर्ट पर होंगे।इंदौर में दो साल पहले प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई थी।यह आयोजन लगातार पांच दिन तक चला था। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर वीआईपी मेहमानों 32 प्राइवेट जेट-चार्टर प्लेन आए थे।पहली बार ऐसा भी हुआ था जब इंदौर में एक रात में 14 से अधिक विमान एयरपोर्ट पर पार्क हुए थे।

# जहरीली चाय पीकर एक ही परिवार के छह बीमार, तीन वर्षीय बालिका की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर रावटी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलीपाड़ा में चाय पीने के बाद एक ही परिवार की तीन वर्षीय बालिका सहित छह व्यक्ति बीमार हो गए थे। इनमें से बालिका की हालत गंभीर बनी हुई थी। उसने गुरुवार सुबह करीब सवा नौ बजे दम तोड़ दिया।**

बीमार लोगों का कहना है कि उन्होंने बगैर दूध की काली चाय पी थी। उसी के बाद तबीयत बिगड़ी। दो दिन बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तबीयत बिगड़ने का कारण चाय है या अन्य। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को सुबह 60 वर्षीय बेरमबाई पत्नी जीवला सिंगाड़ ने चाय बनाई थी। इसके बाद उन्होंने परिवार के साथ चाय पी थी। कुछ देर बाद उनके पति 62 वर्षीय जीवला सिंघाड़, पौती 3 वर्षीय प्रियंका पुत्री भंवरलाल सिंगाड़ व 17 वर्षीय पीना पुत्री नाहरसिंह सिंघाड़, पौतवधू 30 वर्षीय मेमुड़ीबाई पत्नी भंवरलाल सिंघाड़, देवर 55 वर्षीय हुरजी सिंघाड़ पुत्र जालू सिंघाड़ा की तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें चक्कर आ रहे थे और उल्टियां हो रही थी। कुछ लोग अचैत हो गए थे। परिजन जीप से सभी को रावटी के सरकारी अस्पताल ले गए थे। सभी पीड़ितों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। प्रियंका की हालत गंभीर बनी थी। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पीना को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव उसके परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार लोगों की तबीयत बिगड़ने व प्रियंका की मौत का कारण पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है।

### मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तैयारियों की समीक्षा की

# परीक्षाओं में अवरोध न उत्पन्न होने देने के लिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भोपाल में आयोजित होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर भोपाल एवं पुलिस-कमिश्नर को निर्देशित किया कि जीआईएस के दौरान होने वाली परीक्षाओं में कोई अवरोध नहीं हो। इसका विशेष ध्यान रखा जाये, कोई भी विद्यार्थी परीक्षा केंद्र तक जाने से वंचित न रह जाये।

मुख्य सचिव श्री जैन ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग,



ई-बस, ई-कार्ड, बैठक व्यवस्था, होटल, स्वास्थ्य, मेहमानों के भोजन, आकस्मिक प्लान, प्रधानमंत्री की आगमन-प्रस्थान व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों को समझकर निर्वहन करें। टीम वर्क के साथ कार्य करें जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास में वृद्धि हो सके। बैठक में स्वास्थ्य, नवकरणीय ऊर्जा, नगरीय प्रशासन, कौशल विकास, उद्यानिकी, खनिज साधन, पर्यटन एवं एमएसएमई विभागों ने प्रेजेंटेशन देकर अपनी तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अशोक बर्णवाल, मनु श्रीवास्तव, अनुपम राजन, प्रमुख सचिव संजय शुक्ल, उमाकांत उमराव, राघवेन्द्र सिंह सचिव, सुदाम पी. खाड़े, एम. रघुराज कलेक्टर भोपाल एवं पुलिस कमिश्नर उपस्थित थे।

# शिक्षक ने की अश्लील हरकत

### पीड़ित का इंदौर में चल रहा इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर, एजेंसी।** एक सरकारी शिक्षक ने दसवीं कक्षा के छात्र के साथ अश्लील हरकत की। इस मामले में गुरवार को पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 8 फरवरी की है। बखतगढ़ थाना क्षेत्र का छात्र होस्टल से अपने गांव जा रहा था। बस में मंडला निवासी एक सरकारी शिक्षक उसके पास आकर बैठ गया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। इससे छात्र डर कर दूसरी सीट पर जा बैठा। घटना के बाद छात्र ने डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। अगले दिन जब उसे परेशानी हुई, तब उसने अपने पिता को पूरी घटना बताई। पिता ने तुरंत बखतगढ़ थाने में शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। एसपी राजेश व्यास ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित छात्र की मेडिकल जांच अलीराजपुर जिला चिकित्सालय में कराई गई है। फिलहाल उसे बेहतर इलाज के लिए इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# हेडमास्टर पर स्कूल के बाहर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** चकराघाट निवासी शिक्षक दिलीप कुमार पुत्र राजेंद्र जैन ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह आंबेडकर वार्ड में धर्मपुरा स्थित शासकीय माध्यमिक शाला मोहननगर में बतौर प्रभारी पदस्थ हैं। बुधवार शाम करीब 4 बजे शाला परिसर की बाउंड्री के पास दो युवक खड़े थे। जब उनसे शाला परिसर के पास खड़े होने का कारण पूछा तो वह भड़क गए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। दोनों युवकों को समझाने का प्रयास किया उनमें से एक युवक ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। चाकू हाथ में लगा, जिससे करीब 6 इंच लंबा घाव हुआ है। शिक्षक के चिल्लाने की आवाज सुन जब अन्य शिक्षक स्कूल से बाहर आए तो दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। स्टाफ के लोग घायल प्रभारी शिक्षक को अस्पताल लेकर पहुंचे और उनका इलाज कराया।

# नशे में धुत वैन-ड्राइवर ने तीन को कुचला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** भिंड जिले के अटेर थाना क्षेत्र में परा गांव में नशे की हालत में एक ईको वाहन के ड्राइवर ने तीन लोगों को कुचल दिया। हादसे के समय लोग सड़क किनारे खड़े होकर चाट-पकौड़ी खा रहे थे। हादसे में दो पुरूष व एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। तीनों को जिला अस्पतला में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अटेर के परा गांव में शाम करीब पांच बजे रमटा का रहने वाले ग्याराम जाटव व रिदौली के रहने वाले कैलाश बाल्मीकि व अन्य महिला सड़क किनारे खड़े होकर खड़े होकर चाट-पकौड़ी खा रहे थे। तभी प्रतापपुरा की ओर तेज रफ्तार ईको वाहन आया। इसमें दो लोग सवार थे। इन्होंने वाहन को लापरवाही से दौड़ाते हुए सड़क खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

# दुष्कर्म के आरोपी तहसीलदार पर पुलिस ने रखा 5 हजार का इनाम

### पीड़िता बोली- 'उसे लाने वाले को मैं दूंगी 50 हजार...'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह चौहान पर पूरा सिस्टम मेहरबान है। पहले दुष्कर्म का आरोप, एफआईआर और इससे पहले के कार्यकाल में ढेरों मुकदमे, इसके बाद भी तहसीलदार पर कोई कार्रवाई नहीं। प्रशासन स्तर से लेकर शासन स्तर तक तहसीलदार को निलंबन तक का नोटिस नहीं दिया गया।

पहले जमीनों के मामले फिर युवती व महिलाओं के मामले में विवादित तहसीलदार का गुपचुप तबादला बैतूल हो गया और पुलिस तक को यह खबर नहीं लगी। सीधी बात कि पूरा सिस्टम तहसीलदार चौहान को बचाने में लगा हुआ है। अब फरार



तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह चौहान पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। इसके बाद रेप पीड़िता ने खुद ही तहसीलदार पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। आरोपित की तलाश में महिला थाना पुलिस ने टीमों को लगाया है, लेकिन घर पर ताला लगा हुआ है। बता दें कि जिले में शत्रुघ्न सिंह चौहान यहां भितरवार तहसील में पदस्थ थे। महिला की ओर से तहसीलदार पर आरोप लगाकर शिकायत की गई कि उसको शादी का झांसा देकर शोषण किया और दुष्कर्म किया। तहसीलदार ने एक बार गर्भपात भी कराया। शत्रुघ्न सिंह चौहान पर शादी का झांसा देकर करीब 17 साल तक लिव इन रिलेशन में रखकर रेप करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का दावा है कि उसका एक बच्चा भी है, जिसका डीएनए कराने के लिए भी वो तैयार है। महिला के मुताबिक उसके पति का देहांत साल 2006 में हो गया था जिसके बाद वो तहसीलदार शत्रुघ्न सिंह के संपर्क में आई और फिर उनके संबंध बन गए। जिसके बाद साल 2014 में उसने एक बेटे को जन्म दिया। रेप के आरोप लगने के बाद तहसीलदार अंडरग्राउंड हो गया है।

# सहकारिता मंत्री श्री सारंग को स्कॉच अवॉर्ड सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग को गुरुवार को मंत्रालय में प्रबंध संचालक विपणन संघ श्री आलोक कुमार सिंह ने नई दिल्ली में प्राप्त "स्कॉच" अवॉर्ड सौंपा। नई दिल्ली के इण्डिया हेबिटेड सेंटर में आयोजित 100वें राष्ट्रीय स्कॉच समिट में मध्यप्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) को उनके फर्टिलाइजर सप्लाई चैन ऑटोमेशन प्रोजेक्ट आईएफएसएस को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। प्रबंध संचालक विपणन संघ श्री सिंह की ओर से आईएफएसएस प्रोजेक्ट हेड श्रीमती मंदिरा लोध एवं प्रोजेक्ट मैनेजर श्री नितेन्द्र सिंह द्वारा अवॉर्ड ग्रहण किया गया।

## संपादकीय

# दुबई में रची गई थी संभल के दंगों की साजिश...

उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा से जुड़े छह मामलों में यूपी पुलिस की विशेष जाँच टीम ने गुरुवार को 4400 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने बताया कि उनकी जांच में सामने आया है कि संभल के रहने वाले शारिक साठा ने इस हिंसा को अंजाम दिया था। इस हिंसा में 5 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। ऐसा माना जा रहा है कि शारिक साठा इस समय UAE में है। उसके संबंध अंडरवर्ल्ड डी-कंपनी से भी हैं। पुलिस का कहना है कि सठा पहले एक कार चोरी गिरोह चलाता था। इस गिरोह ने दिल्ली-एनसीआर से 300 से ज्यादा गाड़ियां चुराई थीं। पुलिस के अनुसार, सठा का संबंध दाऊद इब्राहिम और पाकिस्तान की ISI से है। वह नकली पासपोर्ट का इस्तेमाल करके देश से भाग गया। सर्किल ऑफिसर कुलदीप कुमार और अतिरिक्त जिला सरकारी वकील हरि ओम प्रकाश ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना सिंह की अदालत में चार्जशीट दाखिल की। संभल हिंसा चार्जशीट में 79 आरोपियों के नाम हैं, जो सभी फिलहाल जेल में हैं। इन पर BNS की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने बताया कि जैसे-जैसे जाँच आगे बढ़ेगी, पूरक चार्जशीट दाखिल की जाएँगी। पुलिस ने यह भी बताया कि सठा नकली पासपोर्ट का इस्तेमाल करके देश से भाग गया था। संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, ''जांच के दौरान सठा की संलिप्तता सामने आई। हमारे द्वारा जुटाए गए सबूतों के आधार पर हम कह सकते हैं कि उसने हिंसा की साजिश रची थी। चार्जशीट में सठा के गिरोह के सदस्य भी शामिल हैं। यह चार्जशीट की पहली खेप है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, हम एक पूरक चार्जशीट दाखिल करेंगे।'' जांच में 'संभल में खाताधारकों के खातों में असामान्य धन हस्तांतरण' और 'हिंसा स्थलों पर विदेशी कारतूस' मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार, पाँच पीड़ितों में से चार की मौत के लिए सठा के साथी जिम्मेदार थे। पाँचवीं मौत के लिए कोई FIR दर्ज नहीं की गई थी। गौरतलब है कि संभल में नवंबर में झड़प मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के कोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के निरीक्षण के दौरान हुई थी। पुलिस ने सात FIR दर्ज कीं, जबकि मृतकों के परिवारों ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चार और FIR दर्ज कराईं।

isha



चमत्कार हर जगह मौजूद हैं। अगर आप इसे जीना सीख लेते हैं, तो जीवन का हर दिन किसी चमत्कार सेकम नहीं है।

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# दिल्ली की कमान अब है रेखा गुप्ता के हाथ में

## जानें इनके बारे में सब-कुछ



दिल्ली में पूरे 27 साल के बाद एक बार फिर से बीजेपी की सरकार बन गई है। बीती शाम बीजेपी नेता रेखा गुप्ता को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया था, जिसके बाद आज उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली। नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ उनकी टीम के छह विधायकों प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, और पंकज कुमार सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

इस शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा सभी प्रमुख केंद्रीय मंत्री और पार्टी के सभी सीनियर नेता और पदाधिकारी भी शामिल हुए। अब हर कोई ये जानना चाहता है कि आखिर रेखा गुप्ता हैं कौन, जिन्हें अब दिल्ली की कमान सौंपी गई है। आइए आपको भी इस बारे में जानकारी देते हैं।

### कितनी पढ़ी-लिखी हैं रेखा गुप्ता?

आपको बता दें कि1974 में हरियाणा के जींद जिले के जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ गांव में जन्मी रेखा गुप्ता का परिवार 1996 में दिल्ली स्थानांतरित हो गया, जब उनके पिता भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक बने। इसी के चलते उन्होंने अपनी स्कूली और विश्वविद्यालयी शिक्षा दिल्ली में पूरी की। उन्होंने अपनी बीकॉम की पढ़ाई दौलत राम कॉलेज से पूरी की। इसके अलावा लॉ की पढ़ाई उन्होंने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ से की है।

### कैसे शुरू हुआ राजनीतिक करियर

अब बात करें इनके राजनीतिक करियर की तो रेखा गुप्ता पढ़ाई के दौरान भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सक्रिय रूप से जुड़ी रहीं। उनकी छात्र राजनीति में मजबूत पकड़ और संगठनात्मक कौशल ने उन्हें आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत ABVP से की, जहां वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) की अध्यक्ष रहीं। इसके बाद, उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा (BJYM) की दिल्ली इकाई की सचिव और राष्ट्रीय सचिव के रूप में कार्य किया। भाजपा की वरिष्ठ नेता के रूप में, वे पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी रही हैं।

### कैसे बनीं सीएम

इस साल 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में, रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग सीट से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार वंदना कुमारी को हजारों वोटों के अंतर से हराया। उनकी इस महत्वपूर्ण जीत और पार्टी में लंबे समय से सक्रियता के चलते भाजपा ने उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया।

Uttarpradesh

# पांच मिनट के अंदर एक परिवार के छह लोगों की मौत कुंभ से पटना लौटते समय भीषण हादसा

**भोजपुर, (एजेंसी)** प्रयागराज से कुंभ स्नान कर पटना लौट रहे एक परिवार के छह लोगों की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हीनगंज के पास शुक्रवार सुबह हुई। मरने वालों में दंपती, उनकी दो बेटियां समेत छह लोग हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार अहले सुबह परिवार के सभी लोग महाकुंभ स्नान कर लौट रहे थे। लेकिन, पटना पहुंचने से 40 किमी पहले आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास ड्राइवर ने झपकी ले ली।



देखते ही देखते कार हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार का एक पहिया 20 फीट दूर पड़ा मिला। महज पांच मिनट के अंदर परिवार के छह लोगों दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। हाईवे पर लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार के अंदर फंसे लोगों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। लेकिन, तब तक काफी देर हो चुकी थी। इनमें से कोई भी जिंदा नहीं बचा। पीछे की सीट पर दो महिला और दो लड़की बैठी थी। वहीं आगे की सीट पर एक ड्राइवर और एक पुरुष थे।

भोजपुर पुलिस का कहना है कि सभी लोग प्रयागराज से बेलेनो कार से लौट रहे थे। भोजपुर में एनएच पर कार खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो

Bihar

## स्कूल जाते समय 10वीं की छात्रा को हार्ट अटैक, सड़क पर अचानक गिरी और मौत



**हैदराबाद, (एजेंसी)** हार्ट अटैक के चलते युवाओं की मौत के मामले बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। इस बीच तेलंगाना का एक केस चौंकाने वाला है। महज 16 साल की श्री निधि की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जो 10वीं क्लास की छात्रा थी। श्री निधि को उस वक्त हार्ट अटैक आया, जब वह स्कूल जा रही थीं। महज 16 साल की लड़की अटैक की घटना ने सभी को चौंका दिया है। अटैक के तुरंत बाद श्री निधि को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन बचाया नहीं जा सका। दूसरे अस्पताल में पहुंचने पर डॉक्टरों ने निधि को मृत घोषित कर दिया। रामरेड्डी मंडल के सिंगारपल्ली गांव की रहने वाली श्री निधि स्कूली पढ़ाई के लिए कामारेड्डी में रहती थी। परिजनों का कहना है कि श्री निधि को सीने में दर्द हुआ था और वह गिर पड़ी। यह घटना स्कूल के एकदम पास ही हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत ही श्री निधि को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक स्कूल टीचर को भी श्री निधि के गिरने की जानकारी मिली थी। श्री निधि का चेकअप करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि छात्रा को सीपीआर दिया गया। लेकिन कोई रेस्पॉन्स नहीं मिला। इसके बाद दूसरे अस्पताल को रेफर किया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के कारण स्कूल में शोक की लहर है। हर कोई इस घटना से हैरान है कि आखिर कैसे 16 साल की छात्रा को हार्ट अटैक आ गया। श्री निधि की फिटनेस भी ठीक थी। ऐसे में उसे अटैक आने की घटना ने सभी को चौंका दिया है।

Uttarpradesh

## स्टंटबाजी की रील बना रहा था ट्रैक्टर ड्राइवर, बाइक को मारी टक्कर, 10वीं के छात्र की मौत

**नोएडा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में गुरुवार को सड़क पर स्टंट करके 'रील' बनाने में बिजी एक ट्रैक्टर चालक के चलते बड़ी दुर्घटना हो गई. पुलिस अधिकारियों के अनुसार,'रील' बनाने में व्यस्त एक ट्रैक्टर चालक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 10वीं कक्षा के एक छात्र की मौत हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया. उन्होंने बताया कि 17 साल का ललितअपने दोस्त मुनेश के साथ बाइक से झांझर गांव स्थित इंटर कॉलेज से हाईस्कूल परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड लाने जा रहा था. रबूपुरा थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि एक ट्रैक्टर चालक सड़क पर स्टंट करके अपनी रील बना रहा था, तभी उसके ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी.उन्होंने बताया कि हादसे में बाइक सवार ललित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त मुनेश गंभीर रूप से घायल हो गया. उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. उन्होंने कहा कि मुनेश को गंभीर हालत में बुलंदशहर के एक अस्पताल में रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है.

Jharkhand

## पहले 4 दूध पीते बच्चों को मार डाला फिर खत्म कर दिया पूरा परिवार, 4 दोषी करार

**झारिया, (एजेंसी)** झारखंड के झारिया में आज से 20 साल पहले एक दर्दनाक घटना सामने आई थी। इसमें हैवानों ने एक मामूली विवाद में पूरा का पूरा परिवार ही खत्म कर दिया था। हैवानों ने दूध पीते बच्चों को भी नहीं छोड़ा और एक-एक कर चार मासूमों को मौत की नींद सुला दी थी। अब इस खस्सी चोरी के विवाद में 20 साल पहले एक ही परिवार के सात लोगों की हत्या में अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने गुरुवार को चार अभियुक्तों को दोषी करार दिया। कोर्ट इन्हें 22 फरवरी को सजा सुनाएगी। अदालत ने हरि महतो, विनोद महतो, टुसू नायक और झरिया महतो उर्फ झरिया मुंडा को दोषी बताया है।

मामला 27 फरवरी 2005 की रात 10 बजे का है। इस वक्त परिवार के सभी लोग सो रहे थे। इस दौरान पहले से हुए विवाद में गुस्साए लोगों की भीड़ ने परिवार पर हमला कर दिया और एक-एक कर 7 लोगों को मौत की नींद सुला दिए। इस मामले में प्रकाश महतो ने धुर्वा (तुपुदाना) थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्तों ने प्रकाश महतो के पिता मोहन महतो, सौतेली मां मंगरी देवी, नानी सोमारी देवी के साथ एक से डेढ़ साल के चार बच्चों आलोक महतो, अनिल महतो, सुनील महतो और उपेंद्र महतो की हत्या टांगी, बुलआ और डबली से कर दी थी। घटना के समय चारों बच्चे दूध पी रहे थे। मामले में फरार झरिया को पुलिस ने 1 जून 2020 को गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपी भी लंबे समय से जेल में हैं। खस्सी विवाद में 16-17 लोगों ने रात में घर पर हमला बोला था। दरवाजा नहीं खोलने पर कुछ लोग झोपड़ी पर चढ़ गए और खपड़े को तोड़ दिया।

खेल

# गिल-शमी के दम पर भारत का चैंपियंस ट्रॉफी में विजयी आगाज

## हृदोय की पारी पर भारी पड़ा शुभमन का शतक

**दुबई, (एजेंसी)** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी के बाद उपकप्तान शुभमन गिल के बेहतरीन शतक से भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की। शमी की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था और बांग्लादेश को 49.4 ओवर में 228 रन पर रोक दिया था। जवाब में भारत ने गिल के 129 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 101 रनों की बदौलत 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीता। बांग्लादेश के लिए जहां तौहीद हृदोय ने शतक जड़ा और टीम को सम्मानजनक



स्कोर तक पहुंचाया, वहीं गिल ने भी अपने वनडे करियर का आठवां शतक लगाया और टीम को जीत दिलाई। गिल का साथ अंत में केएल राहुल ने बखूबी निभाया। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिए, जबकि तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और गिल ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन रोहित 41 रन बनाकर आउट हो गए। रोहित ने हालांकि वनडे में 11000 रन पूरे किए और वह इस उपलब्धि पर पहुंचने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने। इसके बाद टीम ने विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल के विकेट गंवाए। कोहली ने 22 रन, श्रेयस ने 15 और अक्षर ने आठ रन बनाए। इसके बाद केएल राहुल ने गिल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 87 रनों की अविजित साझेदारी की। केएल राहुल 47 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। गिल चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज में अच्छी फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को यहां भी बरकरार रखा। गिल ने 51 पारियों में अपना आठवां शतक पूरा किया और वो भारत के लिए सबसे कम पारियों में आठवें वनडे शतक तक पहुंचने वाले बल्लेबाज बने।

सिनेमा

## युजवेंद्र चहल से तलाक के बीच धनश्री का पोस्ट वायरल- याद रखिए आपके पास चॉइस है...



धनश्री वर्मा और युजवेंद्र चहल ऑफिशियली एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। 20 फरवरी को दोनों का तलाक फाइनल हो गया। इस बीच धनश्री का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल है। उन्होंने इस पोस्ट में उन्होंने ईश्वर का गुणगान किया है कि कैसे भगवान सारी परेशानियों को आशीर्वाद में बदल देते हैं। धनश्री के इस पोस्ट से इशारा मिल रहा है कि वह मानती हैं कि ऊपर वाला जो करता है भलाई के लिए करता है।धनश्री ने जो पोस्ट लगाया है उसमें लिखा है, 'स्ट्रेस्ड से ब्लेस्ड' आगे लिखा है, 'हैरानी की बात है कि ईश्वर हमारी चिंताओं और परेशानियों को कैसे आशीर्वाद में बदल देते हैं। अगर आप आज किसी वजह से परेशान हैं तो याद रखिए कि आपके पास चॉइस है। या तो आ चिंता करते रहें या सब कुछ ईश्वर पर छोड़ दें और प्रार्थना करते रहें। आस्था में शक्ति है कि ईश्वर जो भी करेंगे आपकी भलाई के लिए करेंगे।' धनश्री के इस पोस्ट को लोग उनके तलाक से भी जोड़कर देख रहे हैं। कुछ वक्त पहले से धनश्री और युजवेंद्र ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना बंद कर दिया। इसके बाद से ही उनके तलाक की खबरें आ रही थीं। दोनों ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी।

## Highlights

1. **Man who filed corruption case against KCR found murdered in T'gana**
2. **Sourav Ganguly's car meets with accident in West Bengal: Reports**
3. **Indian Railways orders removal of Delhi stampede videos from X**
4. **Who is Baijayant Panda, man behind BJP's victory in Delhi polls?**
5. **Dadlani challenges CM Yogi to drink Mahakumbh water, says 'Take nice chunky glug'**

# Shark Anupam Mittal on India's Got Latent row: 'Samay Raina, Ranveer Allahbadia are victims, real culprits are...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Shaadi.com founder Anupam Mittal has reacted to the controversy triggered by comments made during comedian Samay Raina's show India's Got Latent.

In a post on LinkedIn, the Shark Tank India judge said that besides Ranveer Allahbadia and Apoorva Mukhija, YouTube should be summoned to the high court, too.

"I personally think Ranveer, Apoorva, Samay et all are actually victims caught in an endless cycle of provocation for their relevance & survival," Mittal said.

Calling big tech firms the "real culprit", he said YouTube is the "worst of all offenders".

"The real culprits are 'Big-tech' who take cover under digital intermediary laws that allow them to flout all responsbility & accountability. Imagine a newspaper or a tv channel publishing the type of content that these platforms carry with total impunity," Mittal said.



Further, clarifying his stance on the issue, he said that what happened on the show was "messy, crass, and undeniably wrong".

"The statements & language used are totally unacceptable in any civilized society," Mittal wrote.

He also pointed out that the show was always about insults, vulgarity, irreverence & shock.

"India's Got Latent wasn't some Satyamev Jayate ka lost episode > it was always about insults, vulgarity, irreverence & shock...So, when the host & guests cross the line, can we get scandalized? That's literally the algorithmic jackpot from their perspective," he wrote on LinkedIn.

Mittal said social media platforms' algorithms promote "next level of obscenity" as the platforms "dangle virality like 'prasad', watch creators chase and then step back when the fire starts".

# Walmart shares on track for worst day in 3 years over dip in earnings outlook

**NEW DEIHI, (Agency).** Walmart shares dipped as much as 7% in intraday trading as the company, which owns PhonePe and Flipkart, forecasted a dip in its earnings per share for the fiscal. This is the first time the company has forecasted a dip in its EPS since 2022.

"The company's guidance assumes a generally stable consumer and continued pressure from its mix of products and formats globally," Walmart said in a statement.




The sell-off in Walmart shares comes just four days after they closed at a record high. The dip in shares has put them on track to have their worst day since they fell 11.4% on May 17, 2022.

Walmart said that it expects first-quarter adjusted earnings per share of 57 cents to 58 cents, down from 60 cents a year ago and below the FactSet consensus of 64 cents.

For the upcoming year, Walmart expects overall net sales growth in the range of 3% to 4%, which is lower than the 5% growth the company experienced in the last fiscal year.

The company's chief financial officer, John David Rainey, said that the guidance doesn't include the potential impact of tariffs, given the unpredictability around the levies. Walmart imports food from Mexico and general-merchandise products like microwaves from China.

# 62 में होंगे 3 करोड़ से ज्यादा के काम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। गुरुवार को वार्ड 62 में तीन करोड़ से ज्यादा के विकास कामों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। विकास कार्यों से यहां के लोगों को बेहतर पानी और सीवरेज की सुविधा मिल सकेगी। लोकार्पण व भूमिपूजन महापौर पुष्य मित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद रूपा दिनेश पांडे ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय रहवासी भी मौजूद थे।

इस मौके पर महापौर ने कहा कि यह विकास काम लोगों को बेहतर पेयजल आपूर्ति और सुव्यवस्थित सीवरेज नेटवर्क प्रदान करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। नगर निगम शहर के हर वार्ड में अधोसंरचना सुधारने और लोगों की सुविधाओं को उन्नत करने के लिए निरंतर काम कर रहा है। वार्ड पार्षद रूपा दिनेश पांडे ने बताया कि इन विकास कामों के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को नियमित व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति मिलेगी। साथ ही पुरानी व क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइनों के कारण आने वाली समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

# पूर्व सरपंच को महिला बाउंसरों ने पीटा

## शादी की पत्रिका देने के बहाने घर में घुसे बदमाश, अगवा करके मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के सांवेर के जेतपुरा में पूर्व सरपंच रमेश भेरूलाल बोरवाल के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में कुछ महिला बाउंसर और युवक उनके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना के दौरान बार-बार जीप निकालने की बात भी कही जा रही है।

बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद के चलते आरोपियों ने पूर्व सरपंच के साथ मारपीट की। शुरुआत में पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद सरपंच को थाने बुलाकर केस दर्ज कर लिया गया।

पूर्व सरपंच रमेश भेरूलाल बोरवाल और उनके दोस्त ठाकुर के बीच पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते कुछ लोग वहां पहुंचे और बाउंसरों ने मारपीट कर दी। पुलिस अब वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

पूर्व सरपंच रमेश भेरूलाल बोरवाल ने पुलिस को दिए अपने बयान में पूरी घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह 9:30 बजे उनके पास लोकेंद्र बना नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसने कहा कि उसे एक पत्रिका देनी है और उनका पता पूछा। जब रमेश ने बताया कि वह घर पर हैं, तो 15-20 मिनट बाद कॉलर ने कहा कि वह घर के बाहर खड़ा है।

रमेश ने अपनी पत्नी कला बाई से कहा कि कोई पत्रिका देने आया है, दरवाजा खोल दें। जैसे ही कला बाई ने दरवाजा खोला, तभी योगेश शर्मा उर्फ लखपति, जिसे रमेश पहले से जानते थे, तीन अन्य साथियों के साथ घर में घुस आया। सभी ने मिलकर उन्हें पकड़ लिया, जातिसूचक शब्द कहे और अपशब्द बोलते हुए घर से खींचकर बाहर ले जाने लगे।

घर के बाहर पहले से मौजूद 5-6 महिला बाउंसरों ने भी गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ और घूंसों से हमला किया। जब पत्नी कला बाई बचाने आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।

इसके बाद आरोपियों ने रमेश को बोलेरो जीप में डालकर इंदौर-उज्जैन रोड की ओर ले गए। कुछ देर बाद गाड़ी पलटाकर दोबारा गांव लाए और फिर से पीटा। जब उनका बेटा ललित बचाने आया, तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

इसके बाद आरोपी रमेश को फिर से गाड़ी में बैठाकर थाने की ओर ले जाने लगे। रास्ते में योगेश शर्मा ने एक नंबर पर कॉल कराई, जिसमें फोन पर मौजूद व्यक्ति ने धमकी दी –'तुम्हें समझाया था, लेकिन बात ठीक से समझ में नहीं आई। अब तुम्हारे खिलाफ महिलाओं से छेड़छाड़ का केस दर्ज करवा देंगे।'

आखिर में, आरोपियों ने रमेश को जान से मारने की धमकी दी और थाने के बाहर छोड़कर फरार हो गए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक